SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, the understanding was that we would continue and complete the discussion on Working of the Ministry of Home Affairs, and we would take up the Banking Laws (Amendment) Bill on Monday. Let us please stick to this schedule.

MR. CHAIRMAN: Mr. Jairam, your point is well taken. ...(*Interruptions*)... No, no. Nothing is going on record, Digvijaya Singh ji. ...(*Interruptions*)... Hon. Members, the Special Mentions of Members who are present are taken on record.

€SPECIAL MENTIONS

Request for starting specialized courses in Lucknow Campus of Rashtriya Raksha University

श्री तेजवीर सिंह (उत्तर प्रदेश): महोदय, गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) राष्ट्रीय सुरक्षा, पुलिसिंग और रक्षा अध्ययन के क्षेत्र में विशेषीकृत शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रदान करके भारत की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप, साल 2022 में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) का एक परिसर स्थापित किया गया।

RRU के मुख्य परिसर (गुजरात) में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, पुलिसिंग, व्यवहारिक विज्ञान, फोरेंसिक जांच आदि में 41 शैक्षणिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। लखनऊ परिसर में वर्तमान में केवल 10 पाठ्यक्रम ही उपलब्ध हैं। यहाँ अब भी अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक भाषाएँ, आंतरिक सुरक्षा और उग्रवाद-रोधी अध्ययन, रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों की शुरुआत नहीं हुई है। यदि लखनऊ परिसर में इन पाठ्यक्रमों को शीघ्र शुरू किया जाए, तो राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में योगदान देने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। लखनऊ स्थित RRU में शैक्षणिक कार्यक्रमों का विस्तार करने से युवाओं और पेशेवरों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय परिसर को उन्नत करने हेतु आवश्यक कदम उठाए और वहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अतिरिक्त पाठ्यक्रमों की शुरुआत करे।

Demand for revival of pilgrimage sites related to Lord Shri Ram in Punjab

श्री सतनाम सिंह संधू (नामनिर्देशित): महोदय, भगवान श्रीराम का जीवन केवल अयोध्या तक सीमित नहीं था; बल्कि उनका दिव्य स्पर्श पूरे भारतवर्ष और पूरी दुनिया में पसरा हुआ है। पंजाब की पावन भूमि भी श्रीराम और उनके परिवार की स्मृतियों को संजोए हुए है।

€ *Laid on the Table.*